वर्ष-01, अंक-324

छपरा

28 सितम्बर शनिवार 2024

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

# गिरिराज सिंह को पाकिस्तान से जान से मारने की धमकी

**प्रतिनिधि अमरेंद्र कुमार को फोन कर कहा- तुम दोनों का हश्र बुरा होगा**

**बेगूसराय,एजेन्सी।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को शुक्रवार को जान से मारने की धमकी दी गई। यह धमकी उनके प्रतिनिधि रहे अमरेंद्र कुमार अमर को पाकिस्तान के नंबर से कॉल करके दी गई है।अमरेंद्र कुमार को शुक्रवार सुबह 11:28 बजे फोन आया था। इसके बाद उन्होंने बेगूसराय के डीएम और एसपी को इसकी लिखित शिकायत की है।

उन्होंने कहा कि फोन करने वाले ने केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और मुझे गालियां दीं। फिर कहा कि तुम दोनों का हश्र बुरा होगा। अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो। अमरेंद्र कुमार अमर 2019 से 2024 के चुनाव तक गिरिराज सिंह के सांसद प्रतिनिधि रहे हैं। फिलहाल, वे बीजेपी के खगड़िया जिला प्रभारी हैं और भारत सरकार के स्टैंडिंग काउंसिल सदस्य भी हैं।

अमरेंद्र कुमार अमर ने नगर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में उन्होंने कहा कि 11:28 पर जब मैं कोर्ट जाने के लिए तैयार हो रहा था, तभी पाकिस्तान के +923276100973 इस नंबर से मेरे वॉट्सऐप पर कॉल आया। कॉल रिसीव करते ही केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और मुझे गाली-गलौज करते हुए अंजाम भुगतने की धमकी दी। मैंने तुरंत इसकी जानकारी वॉट्सऐप के माध्यम से बेगूसराय के एसपी और गिरिराज सिंह के सहयोगी को दी। नगर थाना में आवेदन



दिया है। अमरेंद्र कुमार अमर ने पत्रकारों को बताया कि मैं ज्यादातर ऐसे कॉल को अवॉइड करता हूं, लेकिन जल्दबाजी में हमने कॉल रिसीव कर लिया। कॉल उठाते ही सबसे पहले उसने मुझ से पूछा कि कहां हो, हमने पूछा कि तुम मुझे जानते हो कि किसको कॉल कर रहे हो। इस पर उसने गाली गलौज किया। फिर गिरिराज सिंह को गाली दी। उसने कहा कि अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो। तुम लोगों का बुरा अंजाम होने वाला है। मैंने बेगूसराय के डीएम, एसपी और इंटेलिजेंस को इसकी सूचना दी है। हमें लगता है कि पाकिस्तान में बैठे किसी कॉलर ने ऐसा किया है। जिला प्रशासन और एनआईए से कॉल को ट्रेस करने की मांग कर रहे हैं। इससे यह पता चले कि उसकी क्या मंशा है। उस पर कार्रवाई हो। मुख्यालय डीएसपी रमेश प्रसाद सिंह ने बताया कि केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह के प्रतिनिधि अमरेंद्र कुमार अमर ने सूचना दी है कि उनके नंबर पर वॉट्सऐप कॉल आया, जो +92 नंबर से था। यह कहां से आया, कैसे आया, यह जांच का विषय है। उन्होंने शिकायत की है कि जान से मारने की धमकी दी गई है। नंबर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा। वह नंबर किसका था, कहां से आया था, इसका भी खुलासा होगा।पुलिस सूत्रों का कहना है कि आज कल बाहर के नंबरों से कॉल कर फ्रॉड ज्यादा चल रहा है।

## एनसीपी नेता की पत्नी ने कलाम से की ओसामा की तुलना

**कहा-ओसामा बिन लादेन की भी बायोग्राफी पढ़ें,महाराष्ट्र में बवाल**

**मुंबई (एजेंसी)।** एनसीपी (शरद पवार) नेता जितेंद्र आव्हाड की पत्नी ने स्कूल के एक कार्यक्रम के दौरान भाषण में ओसामा बिन लादेन और पूर्व राष्ट्रपति मिसाइलमैन एपीजे अब्दुल कलाम की तुलना कर दी। उन्होंने कहा कि ओसामा बिन लादेन की बायोग्राफी भी सबको पढ़नी चाहिए। वह जन्म से ही आतंकी नहीं था बल्कि परिस्थितियों ने उसे आतंकवादी बना दिया। ऋता आव्हाड के इस बयान के बाद बीजेपी ने उनपर तीखा हमला किया है। बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि जितेंद्र आव्हाड की पत्नी खुले मंच से बच्चों से आतंकी ओसामा की बायोग्राफी पढ़ने को कह रही हैं। इंडिया गठबंधन के नेताओं की आदत में ही आतंकियों को डिफेंड करना है। उन्होंने कहा कि जितेंद्र अह्वाड ने भी इशरत जहां का समर्थन किया था। कांग्रेस और एसीपी शरद पवार पार्टी के नेता लगातार यूकूब, अफजल और कसाब के समर्थन में बयान देते रहते हैं। बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन तुष्टीकरण की राजनीति करता है।

## यूएस में बार-बार हिंदू मंदिरों पर हमले से भड़का भारत

**अमरीकी अधिकारियों के सामने उठाया मामला,जताया विरोध**

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। खबर है कि इस संबंध में अमेरिकी अधिकारियों से भी संपर्क साधा गया है। मंदिर में अज्ञात बदमाशों ने नफरत फैलाने के मकसद से बीएपीएस मंदिर में तोड़फोड़ की और उसकी दीवारों पर 'हिंदुओं वापस जाओ' के नारे लिख दिए थे। कॉन्सुलेट जनरल ऑफ इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सैन फ्रांसिस्कों में कॉन्सुलेट जनरल ऑफ इंडिया 24 सितंबर की रात सैक्रामेंटो के BAPS श्री स्वामिनारायण मंदिर में हुई तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करता है। CGI ने इस मामले को स्थानीय अधिकारियों के सामने उठाया है, ताकि इस मामले पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अधिकारी इस तोड़फोड़ की घटना की जांच कर रहे हैं। खबरें हैं कि इसमें भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के खिलाफ अपशब्द भी लिखे गए थे। सैक्रामेंटो काउंटी शैरिफ की दफ्तर से कहा गया था कि तोड़फोड़ करने वालों में दीवारों पर स्प्रे से दीवारों पर लिख दिया था। साथ ही पानी के कुछ पाइप को भी नुकसान पहुंचाया गया था। बीएपीएस जनसंपर्क विभाग ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'न्यूयॉर्क में बीएपीएस मंदिर में अपवित्रिकरण की घटना के 10 दिन से भी कम समय में सैक्रामेंटो में हमारे मंदिर में बीती रात को यह घटना हुई और 'हिंदुओं वापस जाओ' के हिंदू-विरोधी नारे लिखे गए। हम शांति की प्रार्थना के साथ नफरत के खिलाफ एकजुट हैं।' न्यूयॉर्क के मेलविले में 17 सितंबर को बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में हुई अपवित्रिकरण की घटना के बाद बुधवार रात को यह घटना हुई।

## जमानत की शर्तों को जेल में रखने का टूल ना बनाएं

**सुप्रीम कोर्ट की ईडी पर सख्त टिप्पणी,जमकर सुनाया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जमानत देने की सख्त शर्तों को लागू करके किसी को लंबे समय तक जेल में रखना उचित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पीएमएलए, यूएपीए और एनडीपीएस ऐक्ट के मामलों में जल्द से जल्द निपटारा करने की जरूरत है। सुनवाई में देरी और जमानत देने में सख्त नियमों को लागू करके आरोपी को जेल में ही कैद रखना ठीक नहीं है। तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज की बेंच ने कहा कि कार्यपालिका को भी उन कानूनों पर ध्यान देना चाहिए जिनमें आरोपी पर ही खुद को निर्दोष साबित करने की जिम्मेदारी होती है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला 2022-2016 के दौरान का है जब सेंथिल बालाजी परिवहन मंत्री हुआ करते थे। व 15 महीने से जेल में हैं और फिलहाल निकट भविष्य में इस मामले का हल निकलता दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में उन्हें जमानत दी जा रही है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में 2 हजार आरोपी और 500 गवाह हैं। ऐसे में मामले की सुनवाई और फैसले में ज्यादा वक्त लगने की संभावना है। कोर्ट ने कहा कि अब तक के साक्ष्यों को देखें तो सेंथिल बालाजी के खिलाफ ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे पता चले कि उनके बैंक अकाउंट में 1.34 करोड़ रुपये जमा किए गए। यह भी नहीं कहा जा सकता कि याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई केस नहीं बनता।

# 'बीजेपी सरकार में न डीलर बचे न दलाल



**दामाद का तो सवाल ही नहीं है**

- रेवाड़ी में गरजे अमित शाह, कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। ऐसे में हर कोई उम्मीदवार अपनी जीत का दावा कर रहा है। इस बीच बीजेपी-कांग्रेस के दिग्गज नेता राज्य में जनता को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रेवाड़ी में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। रेवाड़ी में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस की सरकारें कट, कमीशन और भ्रष्टाचार पर चलती थीं। पिछले 10 साल में भाजपा ने भ्रष्टाचार को समाप्त किया और समान रूप से विकास किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछली कांग्रेस सरकार में 'दलाल' और 'डीलर' रोजगार देते थे। अमित शाह ने कांग्रेस की कर्नाटक और तेलंगाना सरकारों पर सवाल दागे। शाह ने पूछा कि कर्नाटक और तेलंगाना में कितनी फसलें एमएसपी पर खरीदी गईं। अमित शाह ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी, कट, कमीशन और करप्शन से चलती थी। डीलर, दलाल और दामादों का राज चलता था। भाजपा सरकार में न डीलर बचे न ही दलाल बचे, दामाद का तो सवाल ही नहीं है। हरियाणा सुपर 100 के नए कैंपस का शिलान्यास हमने किया। एम्स को रेवाड़ी में लाने में राव इंद्रजीत का अहम रोल है।

# नीतिश ने बिहार चुनाव से पहले तैयार की अपनी 'पांडव सेना'!

- अपनी सेना को थमाई 'अर्जुन' से लेकर 'भीम' जैसी जिम्मेवारी
- नीतिश की इस सेना के सियासी लक्ष्य हैं लालू और उनके लाल

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के बारे में एक बात दावे के साथ कही जा सकती है, वो ये कि नीतिश कब क्या करेंगे, किसी को नहीं पता। हाल का उदाहरण ले लीजिए, उनके मंत्री अशोक चौधरी ने कुछ ऐसा ट्वीट किया, जिसके मायने सीएम नीतीश से जोड़ कर निकाले जाने लगे। बात उन्होंने बढ़ती उम्र के बारे में की थी। इसी बीच उन्हें सीएम आवास बुलाया गया। लोगों को लगा कि इनकी छुट्टी होगी लेकिन हुआ कुछ और... दरअसल अशोक चौधरी नीतीश के 'पांडव प्लान' का हिस्सा हैं। बिहार के सीएम नीतिश कुमार ने चुन-चुन कर पांच लोगों को जिम्मेदारी सौंपी है। माना जा रहा है कि इन्ही पांच नेताओं यानी 'पांडवों' को नीतिश



ने बिहार चुनाव की जिम्मेदारी अप्रत्यक्ष रूप से सौंप दी है। किसी के हाथ में रथ है तो किसी के हाथ में 'तीर'। हर किसी की अलग-अलग जिम्मेवारी है। यानी जिसकी जैसी काबिलियत उसकी वैसी भूमिका। इसमें पहले पांडव हैं संजय झा। इन्हें नीतिश का 'धर्मराज' भी कह सकते हैं। मानेगा कोई नहीं, लेकिन इसे सच के करीब ही मानिए कि तिबारा नीतिश कुमार को एनडीए में लाने की पहल करने वाले संजय झा ही थे। शायद इसीलिए सीएम नीतिश कुमार ने इन्हें सबसे बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। संजय झा को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जदयू का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। दूसरे नंबर पर हैं पूर्व आईपीएस मनीष वर्मा। सीएम नीतिश कुमार ने इन्हें न सिर्फ जेडीयू में आरपी सिंह की जगह लाकर खड़ा किया बल्कि 4 माह का 'अज्ञातवास' भी दिया। 'नकुल' की तरह अज्ञातवास का मतलब ये नहीं कि इन्हें सजा मिली, इन्हें 4 महीने के लिए बिहार घूमने की जिम्मेदारी दी गई है। शायद चुनाव से पहले नीतिश बिहार की ग्राउंड रिएयलिटी जानना चाहते हैं।

# महाकाल मंदिर के गेट की दीवार गिरी, 2 की मौत

**गुजरात में बस नदी में फंसी, 27 तीर्थयात्रियों का रेस्क्यू**



**नई दिल्ली,एजेन्सी।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में शुक्रवार को तेज बारिश के बीच महाकाल मंदिर के गेट नंबर चार की दीवार गिर गई। मलबे में दबने से 2 लोगों की मौत हो गई, चार घायल हैं। उधर गुजरात में भारी बारिश का दौर जारी है। नदी-नाले उफान पर हैं। भावनगर में गुरुवार देर रात ओवरफ्लो मालेश्री नदी में एक बस फंस गई। बस में तमिलनाडु के 27 तीर्थयात्री सहित 29 लोग सवार थे। लोगों को निकालने गया एक ट्रक भी नदी में फंस गया। NDRF और SDRF टीमों ने करीब 8 घंटे मशक्कत के बाद सभी का रेस्क्यू किया। उत्तर प्रदेश में लखनऊ-वाराणसी समेत 10 शहरों में देर रात तेज बारिश हुई। सुल्तानपुर में रेलवे ट्रैक डूब गया। यहां की गलियों में 2 फीट पानी और सुल्तानपुर में घरों में पानी भर गया। NDRF, SDRF को अलर्ट पर रखा गया है। बिहार में गंगा और कोसी नदी के उफान पर होने के कारण कटिहार में बाढ़ जैसे हालात हैं। यहां 57 स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। पटना के हाथीदह में भी गंगा उफान पर है। ओडिशा के पुरी में तेज बारिश के चलते कोणार्क सूर्य मंदिर का प्रांगण डूब गया। पुरी जिला प्रशासन ने सभी स्कूलों को भी बंद कर दिया है। 24 घंटों में यहां 1.5 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई, भुवनेश्वर में भी 1 इंच बारिश हुई।मौसम विभाग ने आज मध्य प्रदेश समेत 8 राज्यों में तेज बारिश का अनुमान जताया है। इनमें से उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा में रेड अलर्ट है।

# अग्निवीरों को नौकरी में 15 फीसदी आरक्षण देगी ब्रह्मोस

**फैसला लेने वाली देश की पहली कंपनी बनी,वजह भी बताई**

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और रूस के संयुक्त वेंचर ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने फैसला लिया है कि वह अपनी कंपनी में कम से कम 15 फीसदी तकनीकीं पदों को अग्नीवीरों के लिए आरक्षित करेंगे। सरकार की तरफ से कई संगठनों में अग्नीवीरों को प्राथमिकता देने की बात की गई है लेकिन किसी प्राइवेट कंपनी की तरफ से पहली बार ऐसा फैसला लिया गया है। कंपनी की तरफ से बताया गया कि तकनीकी पदों के अलावा प्राशसनिक और सुरक्षा की जरूरत के हिसाब से भी अग्निवीरों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। फर्स्ट पोस्ट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक मिसाइल बनाने वाली यह कंपनी अग्निवीरों के लिए अपने सामान्य कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम से अलग




हटकर काम करते हुए उन्हें आउटसोर्सिंग कॉन्ट्रैक्ट के तहत शामिल करेगी। इसके साथ- साथ कंपनी अपने व्यापार से जुड़े बाकी सहयोगी संगठनों को भी अग्निवीरों को अपने यहां काम पर रखने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। भारत सरकार द्वारा सेना में भर्ती के लिए सामान्य प्रक्रिया को हटाकर 2022 से अग्निवीर योजना को शुरू किया गया था, जिसमें भर्ती होने वाले युवा को चार साल की अवधि के लिए सेना में अपनी सेवाएं देते हैं इस दौरान वह सैन्य रणनीतियों के अलावा तकनीकी दक्षता भी प्राप्त करते हैं। कंपनी के सीईओ ने पोस्ट से बात करते हुए बताया कि अग्नीवीर जब सेना में शामिल होते हैं तो उन्हें एक बेहतर प्रशिक्षण प्रक्रिया से गुजरना होता है जो उन्हें मजबूत बनाता है। जब हम उन्हें अपने यहां काम पर रखेंगे तो हमें उनकी ट्रेनिंग के लिए अलग से खर्च नहीं करना होगा। इससे हमारी कंपनी के अंदर एक बहुत प्रशिक्षित वर्क फोर्स होगी, जिससे कंपनी को ही फायदा होगा।

कंपनी के डिप्टी सीईओ के मुताबिक भारतीय रक्षा उद्योग में काम करने वाली 250 से अधिक टीम ब्रह्मोस का हिस्सा है। हमने सभी से बात की है।

## बेंगलुरु की कॉलोनी को 'पाकिस्तान' कहना पड़ रहा भारी

**कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस की बढ़ीं मुश्किलें,ट्रांसफर पर भी विचार**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु की एक कॉलोनी को एक केस की सुनवाई के दौरान पाकिस्तान कहकर संबोधित करने वाले कर्नाटक हाई कोर्ट के जस्टिस वी श्रीशानंद की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। खबर है कि उनके ट्रांसफर पर भी चीफ जस्टिस की अगुवाई वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने विचार किया है। उन्हें कर्नाटक हाई कोर्ट के बाहर किसी और उच्च न्यायालय में भेजने पर विचार चल रहा है। यह विचार सुप्रीम कोर्ट के उन टॉप 5 जजों की बेंच कर रही है, जिसने उनकी टिप्पणी पर स्वत: संज्ञान लेते हुए सुनवाई की थी और माफी मांग लेने के बाद मामले को बंद कर दिया गया। चीफ जस्टिस समेत सभी 5 जज कॉलेजियम का भी हिस्सा हैं। इन जजों में चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस ऋषिकेश रॉय शामिल हैं।

## पूर्व सीएम जगन मोहन को मंदिर जाने की इजाजत नहीं

**तिरुपति (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने तिरुपति मंदिर का दौरा कैंसिल कर दिया। जगन रेड्डी ने कहा, पुलिस ने मंदिर यात्रा को लेकर राज्य भर के वायएसआर नेताओं को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि हमें तिरुमाला मंदिर जाने की इजाजत नहीं है। राज्य में राक्षसों का राज जारी है। जगन कल यानी 28 सितंबर को तिरुपति के भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में विशेष अनुष्ठान करने वाले थे। इधर, आंध्र प्रदेश सरकार की बनाई हुई 9 सदस्यों वाली टीम ने तिरुपति के प्रसादम में एनिमल फैट पाए जाने के मामले की जांच शुरू कर दी है। टीम को गुंटूर रेंज के सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी लीड कर रहे हैं। लड्डू विवाद तब शुरू हुआ, जब सीएम चंद्रबाबू नायडू ने 18 सितंबर को यह आरोप लगाया कि वायएसआर कांग्रेस सरकार में मंदिर के लड्डू में जानवरों की चर्बी वाला वनस्पति तेल और फिश ऑयल मिलाया था। पूर्व सीएम रेड्डी गन्नवरम एयरपोर्ट से 4 बजे रेनिगुंटा जाएंगे।

## कई अफेयर, लालच और शादी का प्रपोजल बन गया 'काल'

**बेंगलुरु की महालक्ष्मी हत्याकांड में लगातार खुल रहे बड़े राज**





**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु में महालक्ष्मी हत्याकांड को लेकर लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। पति की कहानी सुनने के बाद पहल अशरफ नाम के शख्स पर शक की सुई घूमी थी। हालांकि बाद में नृशंस हत्या की एक-एक कड़ियां खुलती चली गईं और पुलिस के जाल में मुख्य आरोपी मुक्ति रंजन रॉय फंस गया। महालक्ष्मी का शव करीब 18 दिन तक फ्रिज में पड़ा रहा। आरोपी ने धारदार हथियार से शव के 59 टुकड़े कर डाले थे। जानकारी के मुताबिक महालक्ष्मी और मुक्ति रंजन करीब 6 महीने से रिलेशनशिप में थे।

हालांकि उनके बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा था। महालक्ष्मी पहले से ही शादीशुदा थी और अपने पति को छोड़कर अलग रहने लगी थी। मुक्ति और महालक्ष्मी के बीच भी अक्सर झगड़ा और मारपीट होती रहती थी। महालक्ष्मी व्यालिकवल इलाके में एक रूम के फ्लैट में रहती थीं। उनके झगड़े की बात किसी से छिपी नहीं थी। कई बार घर से निकलकर बाहर तक ड्रामा हो चुका था। माल्लेश्वरम पुलिस थाने में उनके झगड़े को लेकर शिकायत भी दर्ज करवाई गई थी। एक अधिकारी ने कहा कि कई बार उनके झगड़े को सुलझाने की भी कोशिश की गई। 3 सितंबर की रात मुक्ति रंजन महालक्ष्मी के फ्लैट पर पहुंचा। महालक्ष्मी ने उससे शादी को लेकर कुछ कहा। इसके बाद ही एक बार फिर बहस शुरू हो गई। महालक्ष्मी की शादी हेमंत दास से हुई थी और उसकी एक बेटी भी है।

# मढ़ौरा नपं : नाली की गंदगी अनवरत बह रही है रिहायशी इलाकों में, संक्रमित बीमारी का खतरा

## नपं की सफाई पर हर महीने 17 लाख खर्च, फिर भी वार्ड नंबर 6 में बहाव बंद वाली नाली में महीनों से उगे है घास

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** मढ़ौरा नपं क्षेत्र में टूटी फूटी नालियां और सड़कों से लेकर कई रिहायशी इलाकों में गंदगी की जमावट कोइ नहीं बात नहीं है। बताया जाता है कि नपं क्षेत्र में साफ सफाई पर हर महिने लगभग 17 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। फिर भी वार्ड नंबर 06 के अंबेडकर रोड की नाले की सफाई नहीं होने से महीनों से घास उगी हुई है। शिकायत के बाद भी नाले की साफ सफाई नहीं हो रही हैं, उल्टे जाम नालियों को कई जगहों पर ईंट-पत्थर के टुकड़े से जाम के साथ कई जगहों पर नाली ही तोड़ कर रिहायशी इलाकों में गंदगी बहाया जा रहा है। ऐसे में बरसात के मौसम में रिहायशी इलाकों में गंदगी जमा रहने से क्षेत्र में संक्रमित बीमारियों के फैलने का खतरा हैं। इसको लेकर लोगों की शिकायत के बावजूद कर्मी अनदेखी कर देते हैं। जबकि नपं प्रशासन सेवा स्वच्छता पखवाड़ा भी मना रहा हैं।इसके पीछे की वजह राशियों की बंदरबांट बताई जाती हैं ! बता दें कि नपं की पूर्व की योजनाओ में गुणवत्ता की खराबी की वजह से निमार्ण के समय से ही कई नालियां और गली सड़कों की स्थिति खराब हैं। नालियां निमार्ण के समय से ही टूटी फूटी हालात में हैं, जबकि वार्ड नंबर 5 और 6 में नालियों के समुचित पानी निकासी व्यवस्था भी नहीं है। जबकि नपं सरकार की पूर्व की कार्यों के जीर्णोधार और रख रखाव पर भी अपना बजट अंश खर्च किया करता हैं, ऐसे में भी लाखों करोड़ों की खर्च राशि का बजट खर्च के बावजूद धरातल पर सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता हैं, तो विकास योजना का ढिढोंरा पीटना हास्यास्पद लगता है। इस बाबत पूछे जाने के लिए नपं के कार्यपालक पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी को फोन किया गया, लेकिन वो फोन उठा कर जबाब देना मुनासिब नहीं समझते हैं।



# अरुणाचल प्रदेश में आयोजित 12वीं नेशनल कान्वेंशन प्लानर 2024 में शामिल हुए लाइब्रेरियन राजेश

## बिहार से एकमात्र प्रतिनिधि के रूप शामिल हुए राजेश,दो बार नेट व 7 बार सेट क्रैक कर चुके राजेश




**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** लाइब्रेरी प्रोफेशनल्स का 12 वें राष्ट्रीय सम्मेलन ''प्लानर :2024'' का आयोजन अरुणाचल प्रदेश के राजीव गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी, ईटानगर में किया गया। इंफीलबनेट सेंटर, गांधीनगर, गुजरात व राजीव गांधी यूनिवर्सिटी, ईटानगर के संयुक्त तत्वावधान में 19 से 21 सितम्बर तक आयोजित इस राष्ट्रीय कान्वेंशन में बिहार से एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में सारण जिले के एकमा प्रखंड के अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत वरिष्ठ लाइब्रेरियन राजेश कुमार सिंह ने भाग लिया।आज के इस एआई युग में पुस्तकालयः अनुप्रयोग और परिप्रेक्ष्य विषय पर तीन दिनों तक आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के. टी. प्रणायिक ने किया। इस अवसर पर इंफीलबनेट गांधीनगर गुजरात की डायरेक्टर प्रो. देविका पी. माडल्ली व राजीव गाँधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ईटानगर के कुलपति डॉ साकेत कुशवाहा भी उपस्थिति थे।हर दो साल पर आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय सम्मेलन प्लानर में उच्च विद्यालय एकमा में कार्यरत लाइब्रेरियन राजेश कुमार सिंह ने दूसरी बार शिरकत की है।पिछली बार 11वां सम्मेलन त्रिपुरा सेंट्रल यूनिवर्सिटी, अगरतला में आयोजित हुआ था। उस समय भी बिहार के एकमात्र डेलीगेट के रूप में राजेश ने शिरकत की थी। नार्थ ईस्ट के सभी राज्यों के सेंट्रल व स्टेट यूनिवर्सिटी के लाइब्रेरी प्रोफेशनल्स प्रोफेसर, रिसर्च स्कालर एवं कॉलेज लाइब्रेरियन के बीच बिहार के प्रतिनिधि के रूप में लाइब्रेरियन राजेश कुमार सिंह ने अपने राज्य का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है।राजेश की अब तक दो पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं। दो हस्तलिखित पत्रिकाओं दस्तक व अंकुर का संपादन भी किया है। इनके कई आलेख प्रकाशित व प्रसारित भी हो चुके हैं।इस उपलब्धि के लिए लाइब्रेरियन राजेश कुमार सिंह को बधाई देने वालों में शिक्षक डॉ शशिभूषण शाही, मंजीत कुमार तिवारी, मो तौकीर अंसारी, नसीम अख्तर, कमल कुमार सिंह, डॉ दिलीप कुमार प्रसाद, योगेश कुमार सिंह, दिग्विजय कुमार गुप्ता, कैरियर काउंसलर अर्जुन सिंह, रतन सिंह, आलोक सिंह, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह, अनीता पांडेय, अंजू कुमारी, उपेंद्र कुमार यादव, छविनाथ मांझी, विकास कुमार, किसलय कुमार, रंजन कुमार, रंजीत कुमार, लखन लाल प्रसाद, सोनाली नंदा, विभा कुमारी, शना परवीण आदि अन्य लोग शामिल हैं।

# मढ़ौरा पेंशनर्स की हुई बैठक, समस्याओं पर की गई चर्चा

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** प्रखंड के पेंशनर्स की एक एक बैठक नगर में सम्पन्न हुई। वार्ड संख्या आठ की पार्षद सम्पा सिंह की मौजूदगी में बैठक में कई समस्याओं पर चर्चा की गई । अध्यक्ष धर्मनाथ सिंह की अध्यक्षता में लोगों ने पेंशनर्स की समस्या को सामने रखा। यह बताया गया कि सरकार की तरफ से पेशनर्स की सुविधा में कोई इजाफा नही किया गया है जो निराशजनक है। वही बैंक कर्मी का पेंशनर्स के साथ प्राय सम्मानजनक व्यवहार नही किया जाना खेदजनक है। इस समस्या को लेकर डीएम के समक्ष शिकायत को रखने की सहमति बनी। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सम्पा सिंह ने कहा कि पेसनर्स हमारे समाज के बुजुर्ग और सम्मानित लोग है। इनका सम्मान प्रत्येक व्यक्ति की प्राथमिकता होनी चाहिए । कहा कि वे पेशनर्स के साथ है और उनकी समस्या के समाधान के लिए संभव प्रयास करेगी। इस अवसर पर सचिव सत्येन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष बीबी पांडे, कोषाध्यक्ष के के उपाध्याय, प्रभात प्रसाद राम सकल राय सहित अन्य उपस्थित थे।

# छपरा में सौतेली बेटियों ने मां को ईंट से पीटपीट कर मौत के घाट उतारा

## *खैरा में सड़क किनारे मिले अज्ञात शव के हत्या मामले का खुलासा, परिवारिक अनबन में बेटियों ने की हत्या*

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** खैरा थानांतर्गत रामपुर मठिया के पास महिला के हत्या मामले में पुलिस ने महिला की शिनाख्त करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या का आरोप मृतका के दो सौतेली बेटियों पर लगा है। गिरफ्तारी के बाद दोनों बेटियों ने हत्या की स्वीकार्यता कर लिया है। बुधवार के रात छपरा से घर जाने के क्रम में बेटियों ने प्लान के तहत ईंट से कुचल कुचल कर हत्या कर दिया है। इससे हत्या में प्रयुक्त ईंट और कपड़ा को भी बरामद कर लिया गया है।

इसकी जनाकारी एसपी कुमार आशीष ने प्रेस वार्ता करते हुए दिया है।घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बताया कि मृतक महिला पिंकी देवी की हत्या उनकी दो सौतेली बेटियों निशा कुमारी और उसकी नाबालिक छोटी बहन द्वारा ईंट से कूंचकर कर दी गई है जिनकी मदद अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने की है। एसपी सारण ने बताया कि कांड के अग्रतर अनुसंधान में प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त निशा और उसकी छोटी बहन को गिरफ्तार किया गया और उनकी निशानदेही पर खून लगा ईंट जिससे कूचकर हत्या हुई थी उसे और घटना के समय दोनो बहनों द्वारा पहने गए वस्त्रों को बरामद कर लिया गया है। दोनों लड़कियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# पहली बार भोजपुरी के प्रोफेसर मुजफ्फरपुर विवि के बने सीनेटर

## निर्वाचित भोजपुरिया सीनेटर डा.जयकांत सिंह 'जय' सारण के हैं निवासी, डा.जय के सद्प्रयास से वहां शुरू हुई है भोजपुरी भाषा साहित्य की स्नातकोत्तर स्तरीय पढाई

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बारह वर्षों बाद बीआर अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर में संपन्न सीनेट चुनाव में पहली बार भोजपुरी के प्रोफेसर सीनेटर चुने गए हैं। निर्वाचित भोजपुरिया भाषाविद सीनेटर डा.जयकांत सिंह 'जय' सारण जिले के मशरख के निवासी हैं। वे अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री भी हैं। इनके सद्प्रयास से ही भोजपुरी भाषा साहित्य की स्नातकोत्तर स्तरीय पढाई का शुभारंभ मुजफ्फरपुर विश्वविद्यालय में हुआ है। इनके विश्वविद्यालय के सीनेटर निर्वाचित होने पर सारण के भोजपुरी साहित्यकार, कवि, कलाकारों ने खुशी का इजहार करते हुए उन्हें बधाई दी है। इन साहित्यकारों, कवियों और कलाकारों ने कहा है कि अब




सीनेटर के रूप में भी भोजपुरी अध्ययन, अध्यापन और अनुसंधान के क्षेत्र में इनका उपयोग हो पायेगा। इन्होंने यह कहा है कि अभी मुजफ्फरपुर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. दिनेश चंद राय, कुलानुशासक डा. विनय शंकर राय, कुलसचिव डा. अपराजिता कृष्णा आदि भोजपुरी भाषी हैं और डा.जय का ऐसे समय में सीनेटर चुना जाना भोजपुरी भाषा, साहित्य और संस्कृति के लिए शुभ सूचक है। ऐसे वक्तव्य के साथ डा.जय को बधाई देने वालों में भोजपुरी आंदोलन और लेखन से जुड़े सारण के डा. महामाया प्रसाद विनोद, डा. पृथ्वी राज सिंह, शिवानुग्रह नारायण सिंह, डा. ओमप्रकाश राजापुरी, उदय नारायण सिंह, ज्योतिष पाण्डेय, डा. अमरेन्द्र कुमार सिंह, डा. शांतानंद सिंह, रामेश्वर गोप, संतोष कुमार सिंह आदि शामिल हैं।

# महिलाओं को रोजगार सृजन के लिए कौशल प्रशिक्षण जरुरी : गोपाल

## महिला समूह द्वारा बनाई डिटर्जेंट अब दूसरे प्रदेशों में जायेगा




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** पुरुषों के अपेक्षा महिलाएं ज्यादा आत्मनिर्भर बन रही है। स्वरोजगार विकसित कर रही है। महिलाओं को रोजगार सृजन के लिए सबसे जरुरी है कुशल प्रशिक्षण तभी बड़े पैमाने पर महिलाएं जुड़कर गांव-गांव में स्वरोजगार विकसित कर सकती है। यह बात गुरुवार को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत आयोजित जागरुकता गोष्टी में खादी ग्राम उद्योग आयोग के अधिकारी गोपाल कुमार ने कही। उन्होंने पीएमईजीपी कार्यक्रम के बारे में बताया कि यह एक नया क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी कार्यक्रम है। वर्ष 2008 के दौरान ग्रामीण और श्हरी क्षेत्रों के लिए गैर कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से रोजगार का अवसर पैदा करने के लिए इस योजना की शुरुआत की गई। उन्होंने यहां के महिलाओं को डिर्टजेंट बनाये जाने पर सराहना की और आगे अगरबती बनाने,लिपिस्टिक और उपले समेत अन्य घर पर बैठे रोजगार के अवसरों के बारे में बताया। मौके पर वेटरन फोरम के राष्ट्रीय महासचिव व सेवानिवृत विंग कमांडर डॉ. बीएनपी सिंह ने कहा कि ये महिलाएं आज मिलकर घर पर बैठे सैनिक नाम से डिटर्जेंट तैयार कर रही है। जिसकी जांच कराई गई तो बाकी डिटर्जेंट की तुलना में काफी उत्तम बताया गया। यह महिलाओं की काबिलियत है। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा उत्पादित डिटर्जेंट अब सैनिक के घरों में उपयोग होगा। इसका सप्लाई अब दूसरे प्रदेशों तक होगा।

# उपेन्द्र कुशवाहा का बिहार यात्रा का प्रथम चरण सारण बनियापुर में 29 सितंबर को

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा का बिहार यात्रा के प्रथम चरण के अंतिम दिन 29 सितम्बर 2024 को सारण जिला के बनियापुर प्रखंड के खेल मैदान में आने वाले है, जिसकी तैयारी को लेकर सलेमपुर शिल्पी पोखड़ा स्थित मातेश्वरी रेस्टोरेंट में राष्ट्रीय लोक मोर्चा सारण की बैठक पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. अशोक कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी । बैठक में जिलाध्यक्ष ने बताया की 29 सितम्बर को पूर्वाहन 10:00 बजे दीघा पुल से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा छपरा में प्रवेश करेंगे, जहां बजरंग चौक सोनपुर, रेल पहिया कारखाना-बेला, ग्राम मनचितवाँ, आई हॉस्पिटल परसा, दरोगा राय चौक परसा, सोनहो, अमनौर , पचभिण्डा, तरैया, मशरख, मलमलिया, भगवानपुर, सहाजितपुर, मानोपाली, साहजीतपु, कोल्हुआ, एवं बनियापुर में गाजे - बाजे एवं फूल मलाओं से भब्य स्वागत होगा। तत्पश्चात बिहार यात्रा के क्रम में बनियापुर खेल मैदान में आयोजित मिलन समारोह में उपेन्द्र कुशवाहा भाग लेंगे।

# तरैया में भाजपा के 60 हजार नए सदस्य बनाए जाएंगे

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत तरैया विधानसभा में कम से कम 60 हजार नए सदस्य बनाए जाएंगे। वही अधिक से अधिक एक लाख नए सदस्य बनाने का भी लक्ष्य रखा गया है। जिसमें सभी जाति-वर्ग के लोगों को जोड़ा जा रहा है। उक्त बातें बिहार विधानसभा में सत्तारुढ़ दल के उप मुख्य सचेतक सह तरैया के बीजेपी विधायक जनक सिंह ने अपने डोईला स्थित आवास पर एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि वे खुद महिनों से क्षेत्र में रहकर इस अभियान में लगे हुए हैं। साथ ही कहा की तरैया विधानसभा के कुल 316 मतदान केंद्रों के प्रत्येक मतदान केंद्र पर कम से कम 200 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है। इस अभियान के तहत विधायक स्वयं विधानसभा के कुल 37 पंचायत में अब तक 45 बैठकें कर चुके हैं। खासकर दलित, महादलित, पिछड़ा, अति पछड़ा वर्ग की बस्तियों में वे जाकर सदस्यता अभियान चला रहे हैं। जो 2 अक्टूबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

# तीस लीटर दारू के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

**परसा(सारण)।** गुप्त सूचना के आधार पर परसा पुलिस ने तितिरा गांव में छापेमारी कर तीस लीटर दारू के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि तितिरा निवासी धंधेबाज पंचम साह अपने घर के पीछे दारू छिपा कर रखा था ।और वह रोज विक्री करता था। जिसे गुरुवार को पुलिस द्वारा बरामदगी की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि उत्पाद अधिनियम के प्राथमिकी दर्ज करते हुए पंचम साह को जेल भेज दिया गया है।

# जल संसाधन स्थायी समिति के फिर से दूसरी बार अध्यक्ष बने सारण सांसद रुडी, 2018 में पहली बार बने थे समिति के अध्यक्ष

- *नमामि गंगे समेत सिंचाई की योजनाओं का कार्यान्वयन समिति के जिम्मे*
- *जल संसाधन विभाग की 7 हजार करोड़ की योजना का कार्यान्वयन सारण क्षेत्र में चल रहा है*

**दैनिक खोज खबर/ छपरा (सारण) ।** नमामि गंगे समेत केन्द्र प्रायोजित सिंचाई की विभिन्न योजनाओं को अब जनहित के कार्यरूप में परिणत करेंगे सारण लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद राजीव प्रताप रुडी। लोकसभा और राज्यसभा के 31 सांसदों वाली संसदीय स्थायी समिति 'जल संसाधन समिति' के नये अध्यक्ष बने है सारण सांसद श्री रुडी। शुक्रवार को श्री रुडी ने संसदीय सौंध स्थित समिति के कार्यालय में अध्यक्ष के रूप में अपना कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने से पूर्व, कार्यालय में विभाग के अपर सचिव श्रीमती सुमन अरोड़ा और निदेशक अजय सुद ने पुष्प गुच्छ देकर श्री रुडी का स्वागत किया। श्री रुडी पहलीबार उर्जा समिति के अध्यक्ष बने थे। इसके पहले भी सांसद वर्ष 2018 में जल संसाधन समिति की अध्यक्षता कर चुके है। श्री रुडी पहली बार ऊर्जा समिति के अध्यक्ष बने थे। अब अपने संसदीय जीवन की छठी पारी में दूसरी बार जल संसाधन स्थायी समिति के अध्यक्ष बने है। विदित हो कि जल संसाधन समिति संसद की स्थायी समितियों में से एक है जिसके अन्तर्गत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प के कार्य है।श्री रुडी ने अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के पश्चात विभाग के सचिव व निदेशक के साथ बजट पर विमर्श किया। श्री रुडी ने बताया कि संबंधित मंत्रालय को मार्गदर्शन प्रदान करना समिति का मूल कार्य है। मालूम हो कि समिति विभिन्न अनुदान मांगो पर विचार करने के साथ ही उस पर रिपोर्ट बनाती है। साथ ही समिति उन बिलों की भी जांच करती है जिनमें समिति को संदर्भित किया जाता है। समिति के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की कई महत्वाकांक्षी योजनाएं आती है, जिनका कार्यान्वयन और भविष्य की योजनाओं की प्लानिंग भी इसके द्वारा किया जाता है। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत 7 हजार करोड़ की योजना का कार्यान्वयन सारण क्षेत्र में चल रहा है। इससे न केवल किसानों को सिंचाई में मदद मिलेगी बल्कि नमामि गंगे योजना के तहत जल निकासी की योजना और बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के राहत और बचाव कार्यों में मदद मिलेगी।



# जीविका समूह की दीदियों ने अपनी दस सूत्री मांगों के समर्थन में निकाली रैली

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ के बैनर तले शुक्रवार को मांझी में जीविका समूह की दीदियों ने अपनी दस सूत्री मांगों के समर्थन में समर्थन में माँझी के विधायक डॉ सत्येन्द्र यादव के नेतृत्व में एक रैली निकाली। इससे पहले माँझी दलन सिंह उच्च विद्यालय के सभागार में एक सभा का आयोजन किया। सभा को सम्बोधित करते हुए माँझी के विधायक डॉ सत्येन्द्र यादव ने कहा की हमारी पार्टी जीविका दीदीयों की माँगो का समर्थन करती है। उन्होंने कहा की सड़क पर जीविका दीदीयां लड़ेगी और सदन में विधायक लड़ेंगे। विधायक ने कहा कि जीविका दीदीयों ने केन्द्र में मोदी की सरकार तथा बिहार में नीतीश कुमार की सरकार बनाने में भरपूर समर्थन दिया साथ ही उनकी सभाओं में भीड़ बनकर उनकी शोभा बढाई उनका मानदेय बढ़ाने में वहीं सरकारें आनाकानी कर रही हैं तथा अडानी अम्बानी का गुणगान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यदि उनकी मांगों को अनसुना करती हैं तो आगामी विधानसभा चुनाव में जीविका दीदीयां वर्तमान सरकार के बिदाई करेंगी। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियों को तनख्वाह मिलना चाहिए, भत्ता मिलना चाहिए, ईएसआई मिलना चाहिए, ईपीएफ का लाभ मिलना चाहिए। विधायक ने माँझी विधानसभा क्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का विरोध करते हुए कहा की किसी भी हाल में उपभोक्ता अपने घरों में स्मार्ट मीटर नही लगाएं। सभा के पश्चात जीविका दीदियों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में जमकर नारेबाजी भी की। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को दस सूत्री मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन सौपा। उन्होंने कहा कि जबतक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है,तब तक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। उनकी मांगों में सभी कैडरों को जीविका की ओर से नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र देने, बढ़ती मंहगाई को देखते हुए मानदेय में वृद्धि किये जाने,मानदेय को बढ़ाकर कम से कम पच्चीस हजार रुपए किये जाने,मानदेय कंट्रीब्यूशन सिस्टम पर अविलंब रोक लगाने,सभी कैडरों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ, अवकाश,महिला कैडरों को विशेष अवकाश,मातृत्व अवकाश,दो लाख का मेडिक्लेम एवं पांच लाख रुपए तक का हेल्थ क्लेम दिये जाने एवं काम से हटाने की धमकी देने वाले पर सख्त कारवाई करने सहित अन्य माँग शामिल है। रैली में प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजेश प्रसाद,बबीता देवी,कौशल्या,पिंकी कुमारी, पूजा कुमारी,सुमन देवी,वैजयंती देवी, छाया देवी, जानकी देवी,जानकी, रैना, प्रिया, सुनीता,रजनी, सुगान्ति, गीता, शिव मून, पूनम, शोभा, सहाना तथा रूबी सिंह आदि मौजूद थी।






## बारिश की वजह से गड्ढ़ापर जलजमाव, लोगों की बढ़ी परेशानी, दुर्घटना की आशंका

### नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के प्रबंधन पर प्रश्न चिह्न

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** दो दिनों से हो रही रूक-रूक कर बारिश ने ग्रामीण इलाकों में जलजमाव की समस्या बढ़ा दी है,जिससे ग्रामीण सड़कों समेत एनएच-531 पर भी आवागमन में भारी कठिनाईयां उत्पन्न हो रही है,हालांकि इस बारिश ने किसानों के लिए बड़ी राहत दी है, खासकर धान व मक्के की खेती के लिए,किसानों के अनुसार पिछले दिनों से हो रही बारिश धान की फसल के लिए अमृत साबित हो रही है।बारिश ने किसानों को तेज गर्मी से राहत पहुंचाई है, धान की फसल के लिए आवश्यक पानी की कमी पूरी हो गयी है, जिससे किसानों को सिंचाई की चिंता नहीं करनी पड़ रही है तो वहीं छपरा-सीवान मुख्य मार्ग पर रसूलपुर चट्टी स्थित एनएच-531 पर जलजमाव परेशानी का सबब बन गया है।एनएच के किनारे जल निकासी के लिए बनाया गया नाला जाम होने के कारण जलजमाव की वजह से सड़क पर पानी जमा है जिससे सड़कें संकीर्ण होने के कारण सड़क टूटने के साथ हीं दुर्घटना होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं एनएच पर जलजमाव की वजह से आने जाने वाले लोगों को भी काफी परेशानी हो रही है जिससे भारत सरकार द्वारा दिए गए राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास व रखरखाव हेतु नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के प्रबंधन पर प्रश्न चिह्न लग रहा है।

## सभी मुख्य सड़कों पर सड़क दुर्घटना के ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर करें सुधारात्मक कार्रवाई के दिए गए निर्देश

**दैनिक खोज खबर/छपरा** जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बताया गया कि वर्ष 2022 से 2024 के सड़क दुर्घटना के मामलों के विश्लेषण में ओवर स्पीडिंग दुर्घटना का मुख्य कारण पाया गया है। इसके बाद गलत दिशा में वाहन चलाना एक मुख्य कारण है।जिला में चिन्हित 11 ब्लैक स्पॉट राष्ट्रीय उच्च पथ पर अवस्थित हैं। इन सभी जगहों पर स्पीड लिमिट, क्रॉस बैरियर एवं अन्य उपयुक्त साइनबोर्ड लगाने का निदेश संबंधित उच्च पथ के अभियंता को दिया गया।जिलाधिकारी ने सभी मुख्य सड़कों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधारात्मक कार्रवाई का निदेश दिया।जिलाधिकारी ने हेलमेट के उपयोग एवं ट्रिप्पल लोडिंग चलाने वाले दो पहिया वाहनों के विरूद्ध लगातार चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्य सड़कों के किनारे अवैध रूप से ट्रक लगाने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि हिट एंड रन के 496 मामलों में मुआवजे के भुगतान हेतु 290 आवेदन ही अद्यतन प्राप्त हुये हैं। जिलाधिकारी ने सभी थाना प्रभारी को हिट एंड रन के सभी मामलों में निहित प्रक्रिया के तहत मुआवजे के भुगतान हेतु सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ ससमय आवेदन भेजना सुनिश्चित करें ताकि मुआवजे के भुगतान हेतु कार्रवाई की जा सके।

## संत मौनी बाबा गुरु पर्व महोत्सव पर महा संत गंगा दास की खड़ाऊ का किया पूजा

### बैकुंठवासी गंगा दास जी ने पटना सिटी से खराऊ पहनकर गंगा के जल पर चलते हुए सोनपुर पहुंचे थे

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भारतीय उदासीन संप्रदाय के मर्मज्ञ संत पटना सिटी स्थित चैनपुरा महावीर स्थान तथा हरिहरक्षेत्र सोनपुर स्थित लोक सेवा आश्रम के व्यवस्थापक बाबा विष्णुदास उदासीन मौनी बाबा के नेतृत्व में आश्विन कृष्णपक्ष दशमी 27 सितंबर शुक्रवार को चैनपुरा महावीर मंदिर प्रांगण में भव्य ढंग से आध्यात्मिक पूजा पाठ के साथ गुरु पर्व महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया ।इस पावन अवसर पर संत विष्णुदास उदासीन ( मौनी बाबा ) ने प्रम्परानुसार श्री चन्द्र जी महाराज संत हरिकिशन दास 1008 श्री सुसुंगत दास सहित ( सच्ची दाढ़ी 12 हाथ ) 1008 श्री नारायण दास , तोता दास ,मोहन दास ,हीरालाल दास, 1008 श्री गंगा दास ( महा तेजस्वी योगी राज ) संतज्ञान दास ,शुकदेव दास , संतराम लखन दास , संत रामदास उदासीन, संत श्यामदास उदासीन आदि अपने सभी पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक नमन किया । मौनी बाबा ने इस कार्यक्रम को शुरुआत करने वाले संत शिरोमणि श्री श्री 1008 वैकुंठवासी बाबा गंगा दास जी महाराज के खड़ाऊ का भी पूजन किया । उन्होंने कहाँ कि यह वही खराऊ है जिसे धारण कर बैकुंठवासी गंगा दास जी महाराज ने पटना सिटी से गंगा के जल पर चलते हुए हरिहर क्षेत्र सोनपुर पहुंचे थे। मौनी बाबा ने बताया कि आज का जो वार्षिक कार्यक्रम चल रहा है इसका शुरुआत 1884 के पूर्व ही किया गया है ।

## सबलपुर पूर्वी के एक युवक को दरियापुर में निर्मम हत्या कर फेंका, पुलिस ने किया बरामद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सबलपुर पूर्वी पंचायत के नया टोला के वार्ड नंबर 5 के अजय राय के पुत्र सूरज कुमार को निर्मम हत्या कर दरियापुर के दुर्बेला में बदमाशो ने फेंक कर फरार हो गया जहां इस घटना की जानकारी मिलते ही दरियापुर व सोनपुर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए छपरा शुक्रवार को भेज दिया है। इस घटना की जानकारी देते हुए सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि सबलपुर की हस्ती टोला के सूरज कुमार उम्र 18 वर्ष करीब के किसी ने निर्मम हत्या कर उसे फेंक दिया था। सुरज कुमार जो बुधवार से लपाता था। घर के परिजनों ने काफी खोज बिन करने के बाद नहीं मिलने पर थाना मे आवेदन दिया था। मृतक सूरज कुमार के निर्मम हत्या के विषय में पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है।

## अस्पताल चौंक पर चाय दुकान से दो गैस सिलेंडर चोरी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अस्पताल चौंक पर चाय दुकान से दो गैस सिलेंडर चोरी होने का मामला सामने आया है। दुकानदार अनिल कुमार ने बताया कि उनकी अस्पताल चौंक पर चाय की दुकान हैं उसी दुकान के अंदर से दो गैस सिलेंडर जो भरा हुआ था चोरी कर ली गई है। वहीं चोरी की घटना के बाद चोर के द्वारा गैस सिलेंडर कंधे पर रखकर जाते थोड़ी ही दूरी पर राम-जानकी शिव मंदिर के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।



### संकुल केंद्र पर अर्द्धवार्षिक परीक्षा का मुल्यांकन आरम्भ

**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** जिले के प्रारंभिक विद्यालयो मे हुए अर्द्धवार्षिक परीक्षा का शुक्रवार से सभी संकुल संसाधन केंद्र पर मुल्यांकन का कार्य शुरू हो गया।बिहार बोर्ड के तर्ज पर विद्यालय के बच्चो का परीक्षा संकुल के दूसरे विद्यालय के शिक्षको द्वारा विक्षण का कार्य किया था। अब संकुल पर उन शिक्षको द्वारा मुल्यांकन का कार्य शुरू किया गया है जो 1 अक्टूबर तक चलेगा। गरखा प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय धनौरा संकुल संसाधन केंद्र के केन्द्राधिक्षक अरूण कुमार ने बताया कि संकूल पर कुल 41 शिक्षक-शिक्षिका मुल्यांकन के लिए 4 दिनो के लिए प्रतिनियुक्त है।परीक्षा मुल्यांकन मे मध्य विद्यालय धनौरा,कसीना,मीरपुर जुअरा,संठा,कोठियां प्राथमिक विद्यालय धनौरा,मौजमपुर समान्य, मौजमपुर अनुसूचित, सोडागोदाम, कोठियां अनुसूचित एवं हिम्मतपुर के शिक्षक सामिल हुए जिसमे केन्द्राधिक्षक अरूण कुमार पूर्व प्रभारी राकेश कुमार सिंह, पूर्व समन्वयक धर्मेंद्र कुमार सिंह, व्यवस्थापक सौरभ कुमार, शिवम कुमार एवं मृत्युंजय मांझी मुख्य रूप से मुल्यांकन मे सहयोग किए।

## नगर पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत पौधारोपण किया गया

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** माँझी नगर पंचायत क्षेत्र में शनिवार की सुबह स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत कार्यालय परिसर में उप मुख्य पार्षद नीतू सिंह एवम कार्यपालक पदाधिकारी रक्षा लोहिया तथा नगर पंचायत के सभी वार्ड पार्षद की मौजूदगी में पौधा रोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इसके साथ ही नगर पंचायत के सभी वार्डों में दर्जनों स्थानों पर पौधारोपण किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत की साफ सफाई के साथ-साथ उसे हरा भरा रखना सभी की जिम्मेवारी है। पौधा रोपण से वातावरण स्वच्छ और साफ रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भीषण गर्मी और उमस से यही पौधे लोगों को राहत भी देंगे। उन्होंने बताया कि अन्य कई स्थानों पर फलदार पौधे भी लगाए जायेंगे, ताकि लोगों को फल भी मिल सके। उन्होंने सभी वार्ड पार्षदों के कार्यक्षेत्र में भी पौधारोपण कराया। मौके पर कृष्णा सिंह पहलवान,बृज लाल महतो,मनीष कुमार सिंह,राजा बाबू सहित दर्जनों अन्य लोग भी मौजूद थे।

## बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र घोषित करने को लेकर सोनपुर विधायक ने डीएम को सौंपा मांग पत्र

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर विधायक डॉ. रामानुज प्रसाद ने जिला पदाधिकारी, सारण से मिलकर सोनपुर विधानसभा क्षेत्र एवं सारण जिला के बाढ़ प्रभावित इलाका को बाढ़ प्रभावित या आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित करने को कहा। उन्होंने ने प्रेषित पत्र में कहा कि सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश इलाके बाढ़ प्रभावित होने से आमलोगों का जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। साथ ही किसानों की फसलें नष्ट हो जाने से लोगों के सामने भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है तथा दियारा इलाकों में बाढ़ का पानी निकलने के बाद जहां-तहां गड्ढे में कई दिनों से जल जमा रहने पर सड़ांध हो जाने से लोगों में संक्रमक रोग होने का भय भी सता रहा है। मैं स्वयं बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा लगातार कर रहा हूँ, बहुत ही भयावह स्थिति हैं। इस बार बाढ़ इतना भयावह रूप से आई की 7-8 लोगों की बाढ़ के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।मृतक के परिवार को अविलम्ब आपदा से मुआवजा की राशि दिलाया जाए एवं राहत कार्य युद्ध स्तर पर चलाया जाए।बाढ़ पीड़ित लोग भूखे-प्यासे छत एवं सड़क के किनारे धूप में शरण लिए हुए हैं। बाढ़ की विभीषिका से प्रभावित क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं, इन क्षेत्रों में सब्जी एवं फल के साथ खरीफ फसल क्षतिपूर्ति का सर्वेक्षण एवं आकलन के दौरान एक भी पीडित परिवार मुआवजा राशि से वंचित न रहे इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र सोनपुर एवं जिला के सभी बाढ़ प्रभावित इलाकों में ध्वस्त मकान एवं मृत पशुओं का पारदर्शी तरीके से सर्वेक्षण के साथ-साथ फसल क्षतिपूर्ति का आकलन कराकर किसानों को मुआवजा तथा मवेशियों के चारा एवं इलाज का भी समुचित प्रबंधन सहित संक्रमण से बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर एवं डीडीटी.आदि छिड़काव सुनिश्चित कराना चाहेंगे एवं साथ ही पूरे जिला के बाढ़ प्रभावित इलाका को बाढ़ प्रभावित या आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया जाए। पूर्व की तरह बाढ़ में दी गई मुआवजा राशि इस बार भी सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों को दी जाए।

## दो दिनों के बारिश में स्टेशन रोड और बस स्टैंड बना झील, राहगीर परेशान




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक में बीते दो दिनों से हो रहीं भारी बारिश से मशरक का स्टेशन रोड और बस स्टैंड अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। बस स्टैंड की मुख्य सड़क गड्ढे में तब्दील हो गया है। इधर दो दिनों से हो रही बारिश में पूरा बस स्टैंड तालाब में तब्दील हो गया है। स्टैंड की सड़कों पर हो गए गड्ढे में पानी भर जाने के कारण यात्री वाहन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। बस स्टैंड होकर गुजर रहा ई रिक्शा गड्ढे में फंसकर पलट गया। जिसके कारण उसमें बैठे यात्री सड़कों पर गिर पड़े गनीमत की बात ये है कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। हालांकि पानी में भीग जाने के कारण सभी के कपड़े गंदे हो गए। गनीमत रही कि ई रिक्शा के चालक समेत यात्रियों को कुछ नहीं हुआ। बस स्टैंड और स्टेशन रोड में आने वाले लोगों को घोर परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। बावजूद नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान इधर नहीं जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर इस जर्जर सड़क के साथ साथ बस स्टैंड परिसर के किनारे नाला को साफ नहीं कराया गया तो श यहा हो रही दुर्घटनाओं में किसी की जान चली जाय। जिसकी जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रशासन को होगी।

## 42 लीटर देशी शराब बरामद, चार धंधेबाज गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के निर्देश पर एकमा थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी 42 लीटर देशी शराब बरामद कर चार धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है।बताया जाता है कि थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक उदय कुमार के नेतृत्व में एकमा थाने की सशस्त्र पुलिस बल ने गंजपर, नवतन बाजार व बेतवनिया गांव में छापेमारी कर 42 लीटर देशी शराब बरामद किया। पुलिस ने इस दौरान त्वरित कार्रवाई कर क्रमशः गंजपर गांव के रजनीश चौधरी, मुकेश कुमार चौधरी, नवतन बाजार गांव के रौशन कुमार साह और बेतवनिया गांव के गिन्नी राय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार आरोपितों को जेल भेजने की कार्रवाई की है।

## स्वच्छता सप्ताह के तहत विद्यालयों में प्रतियोगिताएं हुईं आयोजित

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र के हंसराजपुर व भुईली मध्य विद्यालयों में स्वच्छता अभियान के सफल कार्यान्वयन को लेकर छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र- छात्राओं ने कविता, भाषण, लेखन व गीत- संगीत के माध्यम से स्वच्छता अभियान की सराहना की। साथ ही वातावरण को स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने के लिए लोगों से आसपास की जगहों की नियमित कूड़ा-कचरा की सफाई करने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर मुख्य पार्षद श्वेता रानी ने कहा कि स्वस्थ व खुशहाल रहने के लिए सबको अपने घरों व आसपास के क्षेत्रों की नियमित सफाई करना चाहिए।इस दौरान मुख्य पार्षद ने प्रतियोगिताओं में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।इस मौके पर शिक्षक उपेन्द्र कुमार यादव, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, अशोक प्रसाद समेत नगर पंचायत के कर्मी मौजूद रहे।

## जेनरल स्टोर में अंग्रेजी शराब मिलने के बाद दुकान को किया गया सील

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** न्यायालय के आदेशानुसार परसा पुलिस ने परसा विशुनपुर मार्ग पर चेतन परसा मोड़ के समीप जेनरल स्टोर में अंग्रेजी शराब मिलने के बाद दुकान को सील कर दिया । सीओ चंदन कुमार व थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि गत 24 सितंबर को इस किराना दुकान से 375 एम एल आर एस दो पीस, 180एम एल 8पी एम 180 पीस बरामद किया गया था ।और इस मामले में कांड संख्या 216/23 के तहत धंधेबाज दरियापुर थाना क्षेत्र के सराय मुजफ्फर निवासी हरेंद्र यादव की गिरफ्तारी हुई थी।

## शौच के लिए घर से निकली महिला लापता, परिजन परेशान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सेमरी गांव में घर से शौच के लिए निकली महिला के लापता हो जाने का मामला सामने आया है। महिला सेमरी गांव निवासी चंद्रिका सिंह की 23 वर्षीय पत्नी मुनारपा कुमारी हैं। परिजनों ने बताया कि मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं। बताया गया कि वह शौच के लिए घर से निकली और तब से उसका कोई पता नहीं चल पा रहा है। परिजनों ने थाना पुलिस को आवेदन देकर लापता महिला को खोजने की गुहार लगाई।

## बाइक दुर्घटना में युवक घायल ,सदर अस्पताल छपरा रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चालीस आरडी नहर पुल पर बाइक दुर्घटना में युवक को गंभीर हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायल कर्ण कुदरिया गांव निवासी केश्वर राम का 23 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार हैं। बताया गया कि वह बाइक से घर आ रहा था कि साइकिल सवार के अचानक सड़क पर आ जानें से बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## चेन छिंनतई के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोने के चैन के छीनतई के मामले में एक युवक को नयागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि 10.11.23 को धीरज कुमार जो वैशाली जिले के जुरवनपुर थाना क्षेत्र के चक्र शिगार गांव के रहने वाला था वह पटना से बेला चक्का फैक्ट्री दरियापुर जा रहा था इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो बदमाशों ने रास्ते मे घेर कर मारपीट कर पिस्तौल दिखाकर उसके गले के चेन छीनकर फरार हो गया था। जहां पुलिस ने आवेदन के आलोक में भेल्दी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश प्रिंस कुमार पिता राकेश कुमार सिंह को जेल भेज दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की पटना में इलाज के दौरान मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** सड़क दुर्घटना में जख्मी माँझी थाना क्षेत्र के महम्मदपुर निवासी मुन्ना पाण्डेय की बीती रात्रि पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने के बाद गाँव में मातम का माहौल पसर गया। शुक्रवार को शव पहुँचने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। बताते चलें कि विगत 31 अगस्त को छपरा सिवान मुख्य मार्ग पर दरौंदा थाना क्षेत्र के लीला साह के पोखरा के समीप बाइक व ट्रक की टक्कर में बाइक सवार दो लोग बुरी तरह जख्मी हो गए थे जिन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच में एडमिट कराया गया था। मिली जानकारी के पटना में इलाजरत बाइक सवार दूसरे जख्मी शामू ओझा अब खतरे से बाहर बताए जाते हैं।

## किराए के मकान में चल रहे विधालय को खाली करने को लेकर मारपीट

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बंगरा काली स्थान पर किराए के मकान में चल रहे निजी विधालय के संचलिका से मकान मालिक ने जबरदस्ती खाली कराने को लेकर मारपीट करनें का मामला सामने आया है। निजी विधालय एम आर पी एस पब्लिक इंग्लिश स्कूल की संचालिका मुन्नी देवी ने बताया कि उन्होंने बंगरा काली स्थान पर सीताराम गुप्ता से विधालय चलाने के लिए सात हजार रुपए पर किराए पर मकान ली हुई है जिसका 5 साल का एग्रीमेंट हैं। अचानक सीताराम गुप्ता समेत अन्य ने शुक्रवार की सुबह पहुंच मकान खाली करने का दबाव देने लगें और मारपीट करते हुए कार्यालय में रखें 75 हजार नगदी निकाल लिए और विद्यालय का कागजात फाड़ कर फेक दिए। उन्होंने मशरक थाना पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई।

## सिवान शहर में खुलेआम चल रहा जुआ और लाटरी का धंधा

**परवेज अख्तर/सिवान।** शहर में कई जगहों पर सरेआम जुआ और लाटरी का धंधा पनप रहा है। इस कारण शहर के कई मोहल्ले के लोग चौक चौराहों से गुजरने के दौरान अपने को असहज महसूस करते हैं। जुआ और लाटरी का यह खेल पूरे शहर में आम है लेकिन जिनके जिम्मे इस धंधे से जुड़े लोगों की धरपकड़ की जिम्मेदारी है उन्हें इसकी भनक तक नहीं है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश है। लोगों क कहना है कि पुलिस को इसकी जानकारी है फिर भी पुलिस अनजान बनी हुई है। जुआ खेलते एक तस्वीर भी इन दिनों इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रही है। हालांकि दैनिक जागरा इस तस्वीर की पुष्टि नहीं करता है। जानकारी के अनुसार नगर थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित मछली मंडी, तेलहट्टा बाजार, बनिया टोली सहित अन्य मोहल्ला में इस खेल से कई लोग जुड़े हैं।

# योग : कर्मसु कौशलम विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन

**परवेज अख्तर/सिवान।** योग करने का नहीं, बल्कि जीने का नाम है। हमारे ऋषियों ने जीवन को धैर्य और संयम युक्त बनाने के लिए योग को प्रमुख माध्यम बनाया था। वर्तमान समय में संपूर्ण मानवता की रक्षा के लिए धैर्य, संयम और करुणा जैसे दिव्य आभूषणों की ही आवश्यकता है, जो केवल योगमय जीवन पद्धति में निहित हैं। योग एक जीवन पद्धति है, दर्शन है और संस्कृति भी है। इसके माध्यम से आध्यात्मिक सोपानों को प्राप्त किया जा सकता है। उक्त बातें जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार वाजपेई ने शुक्रवार को भारतीय महिला दार्शनिक परिषद के तत्वाधान में आयोजित 15वां तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि योग का तात्पर्य जोड़ना व एकीकरण है। आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो आत्मा का सार्वभौमिक चेतना से मिलन, आत्मा का परमात्मा से मिलन और व्यावहारिक दृष्टि से देखें तो योग शरीर, मन व भावनाओं को संतुलित व समरेखीय बनाने का एक सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। योग अंतर्मुखी और बहिर्मुखी, दोनों ही स्थितियों में संतुलन स्थापित करता है। शरीर, आत्मा और मस्तिष्क का सार्वभौमिक चेतना से जुडना ही योग है। मुख्य अतिथि भारतीय दार्शनिक शोध परिषद् के पूर्व अध्यक्ष प्रो. आरसी सिन्हा, वीएन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के पूर्व कुलपति प्रो. रिपुसूदन प्रसाद श्रीवास्तव, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. संजय पासवान, विधान परिषद सदस्य डा. वीरेंद्र नारायण यादव, भारतीय महिला दार्शनिक परिषद् की अध्यक्ष प्रो. राजकुमारी सिन्हा व पूर्व अध्यक्ष प्रो. (डा.) कविता वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। वहीं अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। विधान परिषद् सदस्य ने विषय चयन की प्रशंसा करते हुए गीता के निष्काम कर्मयोग की बात कही। वहीं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि महिला दार्शनिक परिषद् को बिहार की लल्ली सीता को भी अपने विमर्श और शोध के विषय के रूप में जोड़ना चाहिए। मंच संचालन राजनीतिशास्त्र विभाग की सहायक प्रो. डा. अंशिका सिंह व हिन्दी विभाग की सहायक प्रो. डा. पूजा तिवारी ने किया। मौके पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. अशोक मिश्र, डीएवी कालेज के पूर्व आचार्य रविन्द्र नाथ पाठक, प्राचार्य डा. केपी गोस्वामी, पूर्व प्राचार्या डा. कुसुम कुमारी, प्राचार्या डा. रीता कुमारी, दर्शन विभाग की विभागाध्यक्ष डा. पूजा गुप्ता, सहायक प्राध्यापक प्रो. डा. रीता शर्मा, भूगोल विभाग की सहायक प्रो. स्वाति सिन्हा, मनोविज्ञान विभाग की डा. निधि त्रिपाठी, डा. हुमा कमल, डा. अनवर अली अंसारी, डा. सरवत आफरीन, हिन्दी की डा. अर्चना कुमारी, राजनीति शास्त्र के जितेन्द्र कुमार प्रसाद, संस्कृत की संजीवनी आर्या, इतिहास की पल्लवी निशा तथा बदिउजमा सहित शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

## गेट की सफलता पर विशेष सेमिनार आयोजित

**सिवान।** शहर की सरकारी इंजीनियरिंग कालेज सिवान में शुक्रवार को प्रशिक्षण और प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा एक विशेष आनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का विषय ''गेट परीक्षा में सफलता'' था, जिसमें इंजीनियरिंग के छात्रों को गेट परीक्षा की तैयारी में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर गहन जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को गेट परीक्षा के महत्व, तैयारी की रणनीतियों, और भविष्य में मिलने वाले अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी देना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मयंक कुमार ने छात्रों को गेट परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने गेट परीक्षा से संबंधित अवसर और चुनौतियां विषय पर अपने व्याख्यान के दौरान बताया कि कैसे छात्र सही दिशा में मेहनत करके गेट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि छात्र किस प्रकार वे अपनी तैयारी को व्यवस्थित कर सकते हैं और परीक्षा में आने वाली कठिनाइयों को आसानी से पार कर सकते हैं। कार्यक्रम की संयोजक सह सहायक प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी श्वेता कुमारी ने छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि यह वेबिनार छात्रों के लिए एक अनूठा अवसर बताया जो उन्हें गेट परीक्षा की बारीकियों को समझने और उसे क्रैक करने में मदद करेगा।

### गर्म पानी में गिरने से बालिका झुलसी

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुवारी गांव में शुक्रवार को गर्म पानी में गिरने से एक दस वर्षीय बालिका झुलस गई। घायल बालिका अंजू कुमारी है। घटना के संबंध में घायल के स्वजनों ने बताया कि सुबह में खाना बनाया जा रहा था। वहीं पर गर्म पानी रखा हुआ था,इसमें बच्ची गिर गई और गंभीर रूप से झुलस गई। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मांगों ने को ले भाकपा माले ने किया प्रदर्शन

**सिवान।** जिले के दारौंदा, रघुनाथपुर, बड़हरिया आदि प्रखंडों में शुक्रवार को भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया तथा मांगों का ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। उनकी मांगों में 95 लाख गरीब परिवारों को दो लाख रुपये की सहायता राशि अविलंब देने, भूमिहीन परिवारों को पांच डिसमिल आवासीय जमीन देने, सबको पक्का मकान व 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने, प्रखंड के करीब सभी पंचायतों में नल जल योजना को चालू कराने, आदि शामिल थी। जानकारी के अनुसार भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत दारौंदा प्रखंड कार्यालय का घेराव किया गया तथा मांगों का ज्ञापन बीडीओ व सीओ को सौंपा। धरना प्रदर्शन को पूर्व विधायक अमरनाथ यादव, जयशंकर पंडित आदि ने संबोधित किया।वहीं रघुनाथपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में अध्यक्ष प्रखंड कमेटी सदस्य नथुन पटेल के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया तथा मांगों का ज्ञापन प्रखंड कार्यालय को सौंपा गया। धरना को भाकपा माले सचिव सत्येंद्र राम, जिला पार्षद मनोज कुमार रजक, प्रखंड उप प्रमुख प्रतिनिधि अंकुल यादव, रमावती देवी आदि ने संबोधित किया। वहीं बड़हरिया प्रखंड कार्यालय परिसर में भाकपा नेता बड़हरिया विधानसभा प्रभारी विकास यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना को माले नेता रमाशंकर चौरसिया, कमलदेव यादव, महेश सिंह, ग्यासुद्दीन, मोहम्मद्दीन अंसारी आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर मीना देवी, छोटका साह, भागीरथी देवी, ललिता देवी, प्रीति देवी आदि उपस्थित थे।

## सिवान : जान जोखिम में डालकर लोग कर रहे रेलवे ट्रैक पार

### पटरी पार करना अपराध की श्रेणी में है आता

**परवेज अख्तर/सिवान।** ट्रेन हादसे होने के बावजूद भी लोग सावधानी बरतने को तैयार नहीं है। जल्दी जाने के चक्कर में जान की परवाह नहीं कर रहे है। रेलवे लाइन पर दिनभर लोगों का आना जाना बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। रेलवे प्रशासन के नियमों का दरकिनार कर लोग जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार कर रहे हैं जबकि पटरी पार करना अपराध की श्रेणी में आता है। हालत ये है कि अधिकांश लोग एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए फूट ओबर ब्रिज का प्रयोग ना कर रेलवे ट्रैक को पार करते है।इससे अनहोनी का खतरा भी मंडराया करता है, लेकिन उसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। रेलवे प्रशासन के साथ ही आरपीएफ, जीआरपी भी इसे लेकर गंभीर नहीं है। रेलवे स्टेशन परिसर में आरपीएफ पोस्ट है। जीआरपी व आरपीएफ के जवान प्लेटफार्म पर रहते है। आरोप है कि इन लोगों के सामने से ही यात्री अवैध रूप से रेलवे ट्रैक पार करते हैं। आए दिन हादसे हो रहे हैं। बावजूद इसके रोजाना सैकड़ों लोग रेलवे ओवरब्रिज का इस्तेमाल न कर शार्टकट के प्रयास में अवैघ रूप में रेलवे ट्रैक को पार कर रहे है। आरपीएफ व जीआरपी द्वारा इस स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि रेलवे ट्रैक पार करने के दोषियों के खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई की जाती है।

## विद्यालयों के बच्चों की हुई नेत्र जांच

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर बच्चों की नेत्र जांच की गई। इस मौके पर एएनएम शिवानी कुमारी एवं अर्चना यादव ने शिक्षकों के सहयोग से बच्चों की नेत्र जांच की। जांच के दौरान नेत्र में दोष मिलने पर बच्चों को एक कार्ड बनाकर दिया गया। वैसे बच्चों को प्रत्येक मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र जांच कर निःशुक्ल देवा व चश्मा दिया जाएगा। एएनएम शिवानी कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बच्चों की जांच पंचायतवार की जा रही है। प्रखंड के कौथुआ सारंगपुर, सिरसांव पंचायत के अंतर्गत सभी विद्यालयों में जांच कार्यक्रम चल रह है। इसके तहत सरकार की महत्वपूर्ण कार्यक्रम को धरातल पर उतारा जा रहा है। ऐसे शिक्षक स्कूल में नेत्र कैंप की मानिटरिंग करेंगे। शिक्षक-अभिभावक मीटिंग में भी इसकी जानकारी दी जा रही है।

## ट्रांसफार्मर पर पेड़ गिरने से कई गांवों में बिजली बाधित

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड के सदरपुर स्थित मध्य विद्यालय के समीप शुक्रवार की सुबह तेज हवा के कारण ट्रांसफार्मर पर पेड़ गिरने से कई गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। बताया जाता है कि तेज हवा के कारण 11 हजार वोल्ट का ट्रांसफार्मर विशाल आम के पेड़ पर गिर गया, इस कारण सदरपुर, रानीपुर, पहाड़पुर, हबीबपुर आदि गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। बताया जाता है कि जिस समय ट्रांसफार्मर गिरा बच्चे प्रार्थना कर विद्यालय में प्रवेश कर रहे थे। इस विद्यालय विद्यालय परिसर में अफरातफरी मच गई। शिक्षक व बच्चे अपने कक्षा में दौड़ कर भागे। संयोग रहा कि किसी को कोई क्षति नहीं हुई। घटना की सूचना विद्युत विभाग को देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराया गया। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## घायल का इलाज के दौरान मौत

**सिवान।** दरौली थाना क्षेत्र के सरहरवा पंचायत के लक्ष्मण चक गांव के समीप 23 सितंबर को दो बाइक की टक्कर हो गई थी। इस दुर्घटना में एक बाइक पर सवार एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय लोगों की मदद से स्वजन घायल को इलाज के लिए गोरखपुर लेकर गए। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान लक्ष्मण चक गांव के 70 वर्षीय हरिहर साहनी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार 23 सितंबर को हरिहर साहनी बाइक पर सवार होकर अपने बेटे के साथ मैरवा जा रहे थे, तभी रास्ते में मैरवा-बलहू मुख्य मार्ग पर नहर के समीप सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। घायल हरिहर साहनी को इलाज के लिए मैरवा लाया गया जहां डाक्टर ने स्थिति गंभीर को देखकर रेफर कर दिया। इसके बाद स्वजन उन्हें इलाज के लिए गोरखपुर लेकर चले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## सिवान : जनता दरबार में 30 परिवादकर्ताओं की समस्याओं की हुई सुनवाई

**परवेज अख्तर/सिवान।** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे 30 परिवादकर्ताओं के समस्याओं की सुनवाई की गई। इस दौरान विभिन्न विभागों यथा सदर अनुमंडल कार्यालय, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला अवर निबंधक कार्यालय, जिला शिक्षा कार्यालय, जिला पंचायत राज कार्यालय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला आपूर्ति शाखा, जिला राजस्व शाखा, बैंकिंग शाखा, विधि शाखा, सामान्य शाखा, जिला पशुपालन कार्यालय, विद्युत कार्यालय के साथ-साथ अंचल/प्रखंड कार्यालय एवं थाना आदि से संबंधित प्राप्त परिवाद पत्र/ समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा उक्त समस्याओं का ससमय नियमानुसार निराकरण हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। मौके पर एडीएम उपेंद्र कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी सह डीसीएलआर शहबाज खान सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## किसानों के हित के लिए हमेशा चिंतित रहते हैं पीएम

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में अध्यक्ष सह वरीय वैज्ञानिक डा. जितेंद्र प्रसाद की देखरेख में आयोजित कृषि तकनीकी सप्ताह कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान सेमिनार को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित कृषि तकनीकी सप्ताह काफी सराहनीय है। इसके माध्यम से किसान प्रशिक्षित करने तथा आधुनिक खेती, जलवायु के अनुकूल खेती के लिए तकनीकी ज्ञान हासिल कर कम खर्च में अधिक उत्पादन कर लाभांवित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा जिले में कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास काफी सराहनीय है। सांसद ने कहा कि किसान हमारे लिए अन्नदाता हैं, किसान भगवान के तुल्य हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कृषक एवं कृषि के प्रति हमेशा संवेदनशील रहते हैं। सांसद ने फिजी देश के अपने प्रवास पर बोलते हुए कहा कि फिजी में भारत का चावल एवं गेहूं का भोजन होता है। प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों में कृषि के प्रति स्पर्धा जागृत हो गई है।

## दरौली : छात्रों से अवैध धन उगाही मामले में प्रभारी एचएम पर प्रपत्र क गठित

**परवेज अख्तर/सिवान।** छात्रों से पंजीयन, परीक्षा फार्म एवं विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र हेतु अवैधा राशि उगाही करने के मामले में दरौली प्रखंड के दोन स्थित द्रोणाचार्य उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज के प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार यादव के विरुद्ध प्रपत्र क गठित करने की कार्रवाई की गई है। वहीं लिपिक विजय शंकर तिवारी को निलंबित कर दिया गया है। गौरतलब हो कि 22 सितंबर को क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, सारण प्रमंडल को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित एक विडियो प्राप्त हुआ था। जिसे उनके द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह को उपलब्ध कराते हुए इसकी जांच का आदेश दिया गया था। वहीं डीईओ ने मामले की जांच के लिए माध्यमिक शिक्षा के डीपीओ अशोक कुमार पांडेय को निर्देशित किया था। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि प्रसारित विडियो में विद्यालय में छात्रों से अवैध धन उगाही प्रदर्शित हो रहा है। प्रथम दृष्टया यह प्रमाणित हो रहा है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक की संलिप्तता से ही लिपिक द्वारा छात्रों से अवैध राशि की उगाही की जा रही थी।

साओ व थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

## जदयू कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक

**रघुनाथपुर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति के सभागार में गुरुवार को रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के जदयू कार्यकारिणी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद विजय लक्ष्मी देवी ने हुए कहा कि जदयू पार्टी में सभी को सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का हर संभव निदान के लिए प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनाव में सिवान की जनता के सहयोग से विजय मिली। उन्होंने कार्यकर्ता से आह्वान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पुनः नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने के लिए कमर कस लें। जिलाध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह ने कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री तथा पार्टी का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। बैठक को पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा, प्रदेश महासचिव राजेश्वर चौहान, जिला पार्षद उमेश पासवान आदि ने संबोधित किया।

### स्वच्छता को ले निकली साइकिल रैली

**महाराजगंज (सिवान)।** शहर में नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता को ले साइकिल रैली निकाली गई। साइकिल रैली महाराजगंज नगर पंचायत से आरंभ होकर मुख्य पथ, नया बाजार, शिव मंदिर, सिहौता, राजेंद्र चौक होते हुए सिहौता बंगरा उच्च विद्यालय पहुंची। साइकिल रैली में नगर पंचायत के अलावा स्वामी कर्मदेव यमुना राम उच्च विद्यालय, सिहौता बंगरा उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुईं। इस दौरान नपं अध्यक्ष शारदा देवी, उपाध्यक्ष गुड़िया कुमारी, ईओ हरिश्चंद्र, वार्ड पार्षद मनोज पंडित, सेराज आलम, शक्तिशरण, पवन कुमार, शिबु कुमार, संतोष कुमार, प्रधान लिपिक मनु कुमार सिंह आदि ने रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर ईओ ने कहा कि साइकिल रैली के माध्यम से लोगों को शहर को हमेशा स्वच्छ रखने का संदेश दिया। कहीं कूड़े-कचरे यत्र-तत्र न फेंक एक चिह्नित जगह पर रखने, शहर को स्वच्छ राने आदि की जानकारी दी गई।

## संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध की मौत

**सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के बिंदुसार गांव में संदिग्ध परिस्थिति में एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान बरहनी गांव निवासी राम निक्षत्र गिरि के रूप में हुई। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि राम निक्षत्र गिरि शुक्रवार की सुबह किसी काम को लेकर शहर जा रहे थे, तभी बिंदुसार गांव में गिर गए। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने के बाद स्वजनों का रो रो कर हाल बुरा हो गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**सिवान।** सिवान-आंदर मुख्य मार्ग स्थित हुसैनगंज बाजार के समीप शुक्रवार की सुबह कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज हुआ। घायलों की पहचान रघुनाथपुर निवासी अनुप साह व राहुल कुमार के रूप में हुई। घायल राहुल ने बताया कि हमदोनों एक बाइक पर सवार होकर बाजार करने जा रहे थे तभी शहर की तरफ से तेज रफ्तार में एक कार आ रही थी। कार के चालक ने बाइक में सामने से धक्का मार दिया, जिससे हम दोनों घायल हो गए।

## पशु तस्करी का विरोध करने पर पीटा, केस दर्ज

**मोतिहारी/कोटवा।** थाना क्षेत्र के बाजार टोला में पशु तस्करी का विरोध करने पर तस्करों ने एक व्यक्ति को बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया। साथ ही नकदी छीन लिया। मामले में थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी है।पीड़ित कोटवा के सुबास खलीफा ने आरोप लगाया कि मुकेश खलीफा, चुनू खलीफा, राकेश खलीफा, हरी खलीफा पशु तस्करी करता है। वहीं उसका बच्चा यत्र यत्र छोड़ देता है।जिससे वह भूख प्यास से मर जाता है।जिसका उसके द्वारा विरोध किया गया तो उसके घर पर चढ़कर मारपीट की गई एवं उसके पॉकेट से नकदी भी निकाल ली गई।घटना को लेकर पंचायती भी हुई जिसमे भी मारपीट की गई एवं उसके एवं उसके पुत्र को गोली मार देने की धमकी दी गई।

